# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

Tital Code RAJHIN27802

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-331 | सागवाड़ा, रविवार, 21 अगस्त, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## चतुर्थ पट्टाधीश आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज की मंगलवाणी

### जब जीवन का अंत हो, मेरे सामने एक संत हो



जीवन में किसने कितना पुण्य कमाया, कितना मान कमाया, अगर यह देखना है तो उनकी श्रद्धांजलि सभा में जाकर देखिए। आपके अपने आपके लिए अच्छा कहे, ऐसे तो बहुत मिलेंगे। पर पूरा गांव, समाज आपके लिए अच्छा कहे ऐसे विरले ही लोग होते है।

**"आचरण ऐसा करो, कि जीवन सवर जाए। और जीवन ऐसा करो की मरण सवर जाए।"**

कोई साधारण इंसान इतना कैसे अपना जीवन सुधार लेता है। नाम कमा लेता है कि उसके श्रद्धांजलि में बोलते हुए, अपने आप आंखों से आंसू आ जाते है। कहीं न कहीं गुणों के प्रति बहुमान होता है, तब ऐसा होता है। निश्चित रूप से अपने जीवन में एक प्रार्थना अवश्य करना चाहिए।

**जब जीवन का अंत हो।**
**मेरे सामने एक संत हो।**
**मेरे होठों पर अरिहंत हो।**
**महावीर का वह पंथ हो।**

इससे जीव का कल्याण होता है। 84 लाख योनियों की यात्रा करके यह जीव अब इस पर्याय को धारण किये हुए है। आज इस पर्याय में अपन छोटे से निमित से प्रभावित हो जाते है। पर मानव पर्याय में कितने भी बड़े निमित मिले कुछ प्रतिकार नही कर पाया। अगर अपना भव सुधारना है तो सल्लेकना पूर्वक समाधिमरण करना चाहिए। जो एक बार समाधिमरण कर लेता है, यह 7-8 भव में भवातीत हो जाता है। आज अपन मनुष्य पर्याय को धारण कर बहुत दुर्लभ जगह पर बैठे है। जीवन में एक सीख लेनी चाहिए।

**हमेशा जीवन में सावधान रहिए, कब सांसों का अंत हो, इसका कोई भरोसा नही है**

अपन सभी का सौभाग्य है संतो का समूह रोज आहार दान, धर्मोपदेश सभी का सानिध्य प्राप्त हो रहा है। दुर्लभ यह सभी मिल रहा है। अपन सभी का जीवन धर्ममय हो। यही मेरी मंगल भावना के साथ....।

# कांग्रेस के उप प्रधान उठा रहे भ्रष्टाचार का मुद्दा, कांग्रेस के सभी बड़े नेता क्यों है ख़ामोश ?

### भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही जांच को रुकवा कर भ्रष्ट अधिकारियों और मटेरियल सप्लायरों को बचाने का काम हो रहा

### सागवाडा के तत्कालीन विकास अधिकारी और लेखाकार पर भ्रष्टाचार में संलिप्त होने के गंभीर आरोप लगाए

**सागवाड़ा।** सागवाड़ा पंचायत समिति के उप प्रधान नरेश पाटीदार ने पत्रकार वार्ता कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही जांच को रुकवा कर भ्रष्ट अधिकारियों और मटेरियल सप्लायरों को बचाने का आरोप लगाया है। रविवार को सागवाड़ा पंचायत समिति के उप प्रधान नरेश पाटीदार ने पत्रकार वार्ता कर आरोप लागया कि सागवाड़ा पंचायत समिति की 38 ग्राम पंचायतों में निविदा में तय दरो को ताक में रख कर बीएसआर दर से सामग्री खरीद कर करोड़ो रूपये का राजस्व नुकसान किया है । पाटीदार ने बताया कि सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी उसमें ये खुलासा हुआ है। इधर, जहाँ उपप्रधान भ्रष्टाचार के ख़िलाफ़ आवाज़ उठा रहे हैं वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के सभी बड़े नेताओं की चुप्पी प्रश्नचिन्ह खड़ा कर रही है।



जयपुर में पंचायतीराज मंत्री के समक्ष बात रखते हैं सरपंच संघ के अध्यक्ष व सागवाडा प्रधान एवं साथ में मौजूद क्षेत्र के सरपंच । फ़ाइल फ़ोटो भी

## मेरी लड़ाई भ्रष्टाचार के खिलाफ

मेरी लड़ाई पंचायतराज में भ्रष्टाचार के खिलाफ है। कांग्रेस का उप प्रधान होने के नाते मुझे उम्मीद थी कि हमारे नेताओं का भी मुझे साथ मिलेगा लेकिन दुर्भाग्य ऐसा हो नहीं रहा। प्रधान ईश्वर सरपोटाभी भ्रष्टाचार को रोकने के बजाए ठेकेदारों की तरफ़दारी कर रहे हैं। मेरी यह लड़ाई किसी व्यक्ति के विरुद्ध नहीं बल्कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध है। नरेगा के तहत हुए पक्के और कच्चे कामों में श्रमिकों का भुगतान हो गया है।

कुछ तथाकथित ठेकेदार जिन्होने पंचायत में भ्रष्टाचार मचा रखा है ऐसे ठेकेदारों के भुगतान को लेकर यह सब जयपुर तक दौड़ लगा रहे हैं। कहीं जन प्रतिनिधिजन प्रतिनिधि अपने रिश्तेदारों के नाम पे बिल उठा रहे हैं तो कहीं JTA के रिश्तेदार ठेकेदारी कर रहे हैं तो कहीं किसी व्यक्ति की आड़ में कोई बड़े ठेकेदार पंचायतों में भ्रष्टाचार का खेल खेल रहे हैं। मैंने तो सिर्फ़ जाँच की माँग की है, जाँच हो जाने दीजिए। सब कुछ सामने आ जाएगा। कुछ चंद ठेकेदारों के बिल पास कराने के लिए ये जो सब लोग जयपुर तक दौड़ लगा रहे हैं उनके भी चेहरे सामने आ जाएगा।

## मजबूरी में जाना पड़ा मंत्री के पास

भ्रष्टाचार के मामले को लेकर जब सागवाडा प्रधान, जिलाप्रमुख से लेकर पंचायतराज के ब्लॉक और जिला अधिकारियों को अवगत कराया लेकिन किसी ने इस मामले में कोई सुनवाई नही की। जिसपर मजबूरन पंचायतीराज मंत्री का दरवाजा खट खटाना पडा। उप प्रधान ने सागवाडा के तत्कालीन विकास अधिकारी और तक लेखाकार पर भ्रष्टाचार में संलिप्त होने के गंभीर आरोप लगाए हैं। सागवाडा के सरपंच जयपुर में मुख्यमंत्री और पंचायतराज मंत्री से मिल रहे हैं और नरेगा के तहत ठेकेदारों को भुगतान की माँग की जा रही है। पंचायत समिति सागवाडा की ग्राम पंचायतों में पिछले सालों में नरेगा के तहत पक्के काम हुए। इन कामों में जो अनियमितताएं हुई है उसी को लेकर पंचायतराज मंत्री को शिकायत की थी।

## ओड, कोकापुर, काहेला सहित 38 ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार की शिकायत

उप प्रधान ने पंचायत समिति क़रीब 38 ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार की शिकायत की है।

इन शिकायतों में ग्राम पंचायत ओड में तो उप सरपंच द्वारा ही भुगतान उठाने का मामला सामने आया है। पंचायत समिति की छाणी, कोकापुर, गड़ा झुमरी, नंदौड़, ओड, पीपलागूंज, वग़ैरा, और नरसिंहपुर सहित कई ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार की शिकायत पंचायतराज मंत्री से की गई है।

## चौटाला गांव पहुंचे-पिता की प्रतिमा पर किया नमन

**नोखा।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओमप्रकाश चौटाला अपने पैतृक गांव नोखा गांव आए। जहां ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। इस मौके उन्होंने अपने पिता पूर्व उप प्रधानमंत्री देवीलाल चौधरी की प्रतिमा पर नमन किया।

# गहलोत सरकार ने बेरोजगारों से किया धोखा- उपेन यादव

### गुजरात और राजस्थान के चुनाव में सिखाएंगे सबक, युवाओं से मुलाकात कर जानी समस्याएं

**डूंगरपुर।** बेरोजगार संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष उपेन यादव शनिवार देर शाम को डूंगरपुर पहुंचे। उन्होंने यहां बेरोजगार युवाओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने गहलोत सरकार पर धोखा देने का आरोप लगाया और कांग्रेस को पहले गुजरात और फिर राजस्थान के विधानसभा चुनावों में सबक सिखाने की चेतावनी दी। इस दौरान डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज के यूटीबी कर्मचारियों ने भी स्थायीकरण की मांग को लेकर समर्थन देते हुए अपनी मांगों से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि यूटीबी कर्मचारी 5 सालों से सरकारी कर्मचारियों की तरह ही काम कर रहे हैं, लेकिन परमानेंट करना तो दूर वेतन में कटौती कर परेशान किया जा रहा है। सीएचओ ने भी फिर से नियुक्ति की मांग की है।बेरोजगार संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष उपेन यादव ने शास्त्री कॉलोनी पार्क बेरोजगार युवाओं से बात की।

उपेन यादव के दौरे को देखते हुए बड़ी संख्या में बेरोजगार युवा, सरकारी ऑफिस में संविदा या ठेका पर काम कर रहे युवा मौजूद रहे। इस दौरान कांग्रेस सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उपेन यादव ने कहा कि चुनावी वायदे में कांग्रेस ने बेरोजगार युवाओं को नौकरी का सपना दिखाया, लेकिन सरकार बनने के बाद युवाओं के साथ धोखा किया। युवा 3 सालों से नौकरी की मांग कर रहे हैं, लेकिन गहलोत सरकार युवाओं पर ही मुकदमे दर्ज कर प्रताड़ित कर रही है। गहलोत सरकार के खिलाफ राजस्थान और गुजरात में वादाखिलाफी आंदोलन चलेगा। उन्होंने कहा की सरकार ने कई विभागों में आज तक भर्तियां नहीं निकाली है तो कई भर्तियों को बेवजह लटकाया गया है। कई भर्तियों में फर्जीवाड़ा हुआ है। सरकार की ओर से बेरोजगार युवाओं की मांगें नहीं मानने पर 21 अगस्त से गुजरात में आंदोलन की शुरुआत होगी। गुजरात कांग्रेस के नेताओं का चुनावों में विरोध किया जाएगा। यादव ने कहा कि गुजरात चुनावों में कांग्रेस को युवा हार का मुंह दिखाएंगे। इसके बाद 2023 में राजस्थान चुनावों में भी कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ेगा।

# राजस्थान के 18 जिलो के गांव-ढ़ाणी मे निकलेगी महालक्ष्मी रथ यात्रा: के के गुप्ता

* 25 अगस्त को अग्रवाल समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश महामंत्री महामंडलेश्वर द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे
* रथ यात्रा को सफल बनाने अध्यक्ष केके गुप्ता ने किए विभिन्न क्षेत्रो के दौरे



**डूंगरपुर।** पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन द्वारा आगामी 25 अगस्त गुरूवार से निकाली जा रही महालक्ष्मी रथ यात्रा को लेकर तैयारियों का जायजा लेने तथा आमजन को अपनी सहभागिता निभाने के लिए यात्रा से पूर्व गांव गांव ढाणी ढाणी जाकर बैठके लेने का कार्य प्रारंभ किया।

पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष श्री केके गुप्ता, महामंत्री श्री राकेश अग्रवाल एवं समाज के, रथयात्रा के उदयपुर संभाग के संयोजक श्री प्रकाश अग्रवाल, अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश के उपाध्यक्ष श्री मदन अग्रवाल, अग्रवाल सम्मेलन प्रदेश के उपाध्यक्ष श्री ओम प्रकाश अग्रवाल उदयपुर अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष आदि की उपस्थिति रही। बैठक में अध्यक्ष गुप्ता ने बताया कि राजस्थान में जिला भीलवाड़ा से आगामी 25 अगस्त से महालक्ष्मी रथ यात्रा दोपहर 3.00 बजे होगा शुभारंभ होगा।

सांवरिया जी सेठ के मंदिर के दर्शन करने के बाद भादसोड़ा से मण्डफिया, चिकारदा, मंगलवाड, बोहेड़ा, निकुंभ, निंबाहेड़ा, चित्तौड़ आदि स्थानों पर अग्रवाल समाज परिवारों ने बहुत ही गर्मजोशी से रथ यात्रा का स्वागत सत्कार करने का निर्णय लिया है तथा विश्वास दिलाया कि इस रथयात्रा को हम ऐतिहासिक बनाएंगे तथा समाज के अंदर हर व्यक्ति को जोडने् का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर गोपाल नरेड़ी, महेश गोयल, सुरेश अग्रवाल, ओम अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, दिनेश चौधरी, रमेश गोयल, अनिल अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, लोकेश गोयल सहित अनेकों लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए तथा यात्रा को सफल बनाने के लिए हर संभव सहयोग देने की बात कही।

# वागड अंचल के 13 चोखला के पीपा दर्जी समाज की बैठक हुई

**साबला।** साबला हरिमन्दिर में बेणेश्वरधाम के पीठाधीश्वर महन्त अच्युतानंद महाराज के सानिध्य व केबिनेट मंन्त्री महेंद्रजीत मालवीया के मुख्य अतिथि में वागड अंचल के 13 चोखला के पीपा दर्जी समाज की बैठक संपन्न हुई। बेठक में काबीना मंत्री व महन्त ने बताया कि शिक्षा, संस्कृति, संस्कार, संगठन व अनुशासन समाज की पहचान है। बैठक की शुरुआत मंचासीन अतिथियो व समाजजनों ने भगवान श्री गणेश, पीपा जी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर की। इस दोरान समाज के वक्ताओं ने सभी 13 चौखलो के रीति रिवाज समान,सामुहिक विवाह समारोह, महासमिति का गठन,युवाओं के रोजगार,पीपा जयन्ती मनाने, शिक्षा व बालिका शिक्षा को बढ़ावा के साथ प्रतिभाओ का सम्मान समारोह सहित समाज के विकास व उत्थान पर अपनी बात कही। बैठक में शांतिलाल साबला सेवा समिति अध्यक्ष बदामिलाल खड़गदा ,छ:चौखला अध्यक्ष मगनलाल खांदु कॉलोनी, तेरह चौखला अध्यक्ष दिलीप बांसवाड़ा, गोवर्धन जी सागवाड़ा, नटवर लाल गलियाकोट, महेश डूंगरपुर, कांतिलाल साबला, कचरूलाल आसपुर, चेतनलाल पारसोला प्रतिनिधि, छगन परतापुर प्रतिनिधि, कन्हैयालाल घाटोल, लक्ष्मीलाल लोहारिया, नगिन बागीदौरा, हरिराम जी तलवाड़ा, नारायण लाल धम्बोला , नानुलाल पंवार डूंगरपुर शिक्षा समिति 13 चौखला , दिलीप जी पंवार सेवा सन्थान बांसवाड़ा, योगेश जी एकता मंच के विशिष्ठ आतिथ्य रहे। बेठक में राजेश टेलर सागवाड़ा एवम् छत्रपाल शिवजी इस मौके पर नारायण लाल दर्जी सागवाड़ा, छगनलाल परतापुर, राजेंद्र गांगड तलाई, सागरमल तलवाड़ा, रमेश चिखली, नरेश आनदपुरी,दिलीप छिच, सेवा समिति से नानालाल सागवाड़ा ने अपने विचार प्रकट किये। बैठक के अंत मे सर्वम्मति से 13 चोखलो के महासमिति के अध्यक्ष शांतिलाल दर्जी साबला को अध्यक्ष मनोनित किया। इस मौके पर जगदीश कॉलोनी,जयकांत चितरी,भरत सागवाड़ा, मिथुन आरा,प्रफुल ओबरी, भूपेश सागवाड़ा, महेश पुनाली, मयूर साबला, लोकेश, अमित डूंगरपुर, विशाल कुंआ, अशोक पादरडी बड़ी उपस्थित रहे।

# वरिष्ठजनों को संबल मिला है और बुढ़ापे में बीमारी के खर्चे से चिंता मुक्त हुए हैं:गहलोत

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के वरिष्ठजनों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता व संवेदनशीलता के साथ फैसले ले रही है। मुख्यमंत्री चिंरजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना से हमारे वरिष्ठजनों को संबल मिला है और बुढ़ापे में उनको बीमारी के खर्चे से चिंता मुक्त करने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक कल्याण बोर्ड का गठन करने के साथ ही वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत प्रदेश के हजारों वरिष्ठ नागरिकों को नि:शुल्क तीर्थयात्रा करवाकर उनकी तीर्थयात्रा की मनोकामना को भी राज्य सरकार पूर्ण कर रही है। इसी तरह सदियों से चली आ रही भारत की महान संस्कृति, परंपरा एवं संस्कार के अनुरूप ही राज्य सरकार एक विश्वासपात्र सहारे के रूप में वृद्धजनों की सेवा कर रही है। गहलोत रविवार को मानव सेवा संस्थान द्वारा आयोजित राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक सम्मान सामारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए पदाधिकारियों को मानव सेवा का संकल्प लेने हेतु साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग होने पर व्यक्ति की समस्याएं अलग तरह की होती हैं, पारिवारिक, सामाजिक व स्वास्थ्य से जुड़ी होती हैं। बुढ़ापे में उन्हें एक विश्वासपात्र दोस्त, रिश्तेदार या सहारे की जरूरत होती है जो उनमें बेहतर तरीके से जिंदगी जीने का आत्मविश्वास जगाए। ऐसे संस्थान इस भूमिका को पूरी निष्ठा व सेवाभाव के साथ निभा रहे हैं। इस दौरान गहलोत ने मंच से उतरकर वरिष्ठजनों को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री चिंरजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना से हमारे वरिष्ठजनों को संबल मिला है और बुढ़ापे में बीमारी के खर्चे से चिंता मुक्त हुए हैं। योजना में 10 लाख रूपये तक की नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। आईपीडी, ओपीडी, जांचें भी नि:शुल्क की गई है। ट्रांसप्लांट का पूरा खर्च भी सरकार द्वारा ही वहन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना में 5 लाख रूपये का बीमा भी किया गया है।

# बेणेश्वरधाम स्वर्ण शिखर प्रतिष्ठा महत्तसोव को लेकर 1 सितंबर को धाम पर होगा भूमि पूजन

**साबला।** सोम माही व जाखम सरिताओं के संगम स्थल बेणेश्वरधाम पर श्री राधाकृष्ण मंदिर के स्वर्ण शिखर व 1008 कुंडीय विष्णुयाग प्रतिष्ठा महत्तसोव को लेकर भूमि पूजन 1 सितंबर को शुभ मुहूर्त में धाम होगा। इस भव्य व विशाल धार्मिक आयोजन में 36 कोमो की सामाजिक समरता का संदेश न केवल राष्ट्रीय स्तर पर अपितु विश्व मानचित्र पर सफ़ल हो,को लेकर रविवार को बेणेश्वर धाम के पीठाधीश्वर महन्त अच्युतानंद महाराज के सानिध्य व प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री महेन्द्र जीत मालवीया के मुख्य आतिथ्य में सर्व समाज की बैठक हरिमंदिर में सम्पन हुई। बैठक में उपस्थित सर्व समाज के लोगो के साथ मावभक्तो को 27 नवंबर से 2 दिसंबर तक प्रस्तावित स्वर्ण शिखर व 1008 कुंडीय अति विष्णुयाग महायज्ञ को सुनियोजित व सफल बनाने के लिए अलग अलग शाखाओं की 28 समितियों का गठन व दायित्वों पर चर्चा कर दायित्वों से रूबरू कराया। वही किसी भी कार्य मे दक्ष व पारगंत लोगो के नाम जोड़ने पर चर्चा की। वही समाज के लोगो से प्रस्ताव भी मांगे। द्वापर युग के राजसूर्यज्ञ के समक्ष बेठक में वक्ताओं ने बताया कि भारतीय सनातन संस्कृति व धर्म प्रचार प्रसार अधिक से अधिक करे। ओर अपनी सामर्थ्य अनुसार बेणेश्वरधाम पर होने वाले भव्य धार्मिक आयोजन में दान कर पुण्य का लाभ ले ओर भावी जीवन की धर्म के नाम एफडी जमा करे। साथ ही बताया कि इस भव्य आयोजन में नैतिक जिम्मेदार के साथ कर्म निष्ठा से निर्वहन करे चाहे समितियों में नाम रहे या नही रहे। हम सबका नैतिक दायित्व है कि स्वविवेक व सच्चे मन से अपनी जिम्मेदारी से करे। जैसे सेतु बांध में गिलहरी ने किया। शंकराचार्य पीठ निमंत्रण पर चर्चा इस धार्मिक आयोजन में देश की महामहिम राष्ट्र्पति द्रोपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ,मुख्यमंत्री सहित राष्टीय स्तर के बड़े राजनेताओं के साथ शंकराचार्य पीठ के महंत के साथ साधु संत, मठाधीस को आमंत्रित करे ताकि इस पुण्य भूमि पर आमभक्त को उनके प्रवचनों का लाभ मिले। समय कम कार्य की अधिकता अधिक, रात दिन जुटे बैठक को संबोधित करते हुए काबीना मंत्री महेंद्र जीत मालवीया ने कहा कि धाम पर प्रतिष्ठा को 1 सितंबर को भूमि पूजन के साथ धार्मिक कार्यक्रम की चहल पहल शरू हो जाएगी। समय कम है, कम समय मे 1008 कुंडीय यज्ञ में यजमानों को लेकर गांव गांव तक बेठक जिम्मेदारी सोपे। इस कार्य को लेकर सर्व समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति स्व विवेक होकर अग्रसर होकर समाज का नेतृत्व भी करे। वही भगवान निष्कलंक की नवरात्रि पर्व पर जयपुर से वागड तक की शोभायात्रा भी प्रस्तावित है जिसमे मंत्री ने कहा कि मैं खुद एक सप्ताह तक साथ मे रहूंगा।

ऐतिहासिक होगा ओर इतिहास भी लिखा जायेगा, आने वाली पीढ़िया पुस्तकों में पढेंगी वही मंन्त्री ने कहा धाम यह विशाल धार्मिक आयोजन ऐतिहासिक होगा, इतिहास लिखा जाएगा ओर आने वाली पीढ़ी पुस्तकों में पढ़ेगी। हमारे जीवन मे यह अंतिम व भव्य कार्यक्रम है। ऐसे धर्म कार्य मे खुले हाथ से दान दे। यज्ञ के माध्यम से वर्तमान के साथ सात पीढ़ीया तर जाती है बैठक के अंत मे बेणेश्वरधाम के पीठाधीश्वर अच्युतानंद महाराज ने कहा कि विष्णुयाग महायज्ञ न केवल रास्ट्र सम्पूर्ण विश्व शांति व कल्याण के लिए किया जा रहा। आप ओर हम ईश्वर के निमित मात्र है। इस धार्मिक आयोजन का फल हमारी वर्तमान पीढ़ी के साथ आने1 वाली सात पीढ़ी तर जाएगी। हम धर्म का प्रचार प्रसार करे। बेठक में राजेन्द्र ,टीआर जोशी,रामलाल महाराज, भूपेंद्र पण्ड्या, बलवंत सिंह वालाई, आजाद भाई,प्रिंस पटेल,केशव भाई पीठ, नानूभाई ,किशोर भाई गुजरात, अरूण भट्ट, जयंतीलाल साद,दलजी भाई, बालुभाई,नानू भाई पटेल, अजय पटेल, जयशंकर पण्ड्या,राजेन्द्र पांचल,कान्ति किकोड, कपिल बनोत सहित राज्य सहित गुजरात, मध्यप्रदेश के मावभक्त मौजूद रहे। संचालन कीर्ति भट्ट ने किया।